हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Intervational Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 156 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 18 मार्च 2024 | मूल्य 2 रुपया



आवश्यकता है
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
गुरु एक्सप्रेस में
आफिस बाय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648




# पहले अनुबंध तो अब गर्मी बनी चीता प्रोजेक्ट में रोड़ा

## अफ्रीकन टीम ने किया हिरण पकड़ने से इंकार, बारिश बाद ही आ पाएगे गांधी सागर में चीते?

**भानपुरा, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के गांधी सागर में अफ्रीकन देश नामीबिया से लाकर चीते बसाने की योजना पर तेजी से काम किया जा रहा है। लेकिन, चीतों के भोजन की व्यवस्था मतलब काले हिरण का जुगाड़ चीता प्रोजेक्ट में रोड़ा बन रहा है। पहले हेलीकॉप्टर के टेंडर को लेकर तो अब गरमी के कारण चीता प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। शाजापुर से चीतो के भोजन के लिए काले हिरण लाए जाना है। अफ्रीका की टीम ने गर्मी के कारण उन्हें पकड़ने से मना कर दिया है। अब मामला बारिश तक टलने की संभावना लग रही है।

गांधी सागर में चीतों के भोजन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए शाजापुर से 400 काले हिरण पकड़कर लाने थे। लेकिन, पहले हेलिकॉप्टर के टेंडर में तकनीकी खामियो से अनुबंध नहीं हो पाया तो अब गर्मी शुरू होने से अफ्रीका की टीम ने हिरण पकड़ने से इनकार कर दिया है। टीम के अनुसार गर्मी में शिफ्टिंग के दौरान परेशानी हो सकती है। अब ठंड में हिरण पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा। गांधीसागर में निरीक्षण के लिए भी अब तक टीम नहीं पहुंची है। इस समय लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई है। जिससे माना जा रहा है कि चीतों को लाने का अभियान नवंबर-दिसंबर तक टल सकता है। हालांकि, अधिकारी अभी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

### यह है मामला...

गांधीसागर अभयारण्य के रामपुरा पठार क्षेत्र में चीतों को बसाने के लिए स्थानीय वन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आठ हजार 900 हेक्टेयर में बाड़ा बना दिया है। जंगल व बाड़ा क्षेत्र में चीतों के शिकार के लिए वन विभाग कूनो से 750 एवं वनविहार से 250 चीतल लाने के प्रयास में जुट गया है। गांधीसागर में अब तक 350 से अधिक चीतल छोड़े गए हैं। चीतों के शिकार के लिए हिरण को शाजापुर से भी लाना है।

### अफ्रीका की कंपनी पकड़ेगी चीते...

शाजापुर जिले में किसान काले व सामान्य हिरण से परेशान हैं। हिरण के झुंड फसलों को बर्बाद करते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार ने अफ्रीका की वाइल्ड लाइफ एंड कंजरवेशन सॉल्यूशन कंपनी को शाजापुर से हिरण पकडने का काम दिया है। यह कंपनी वन्य जीवों को पकड़ने में एक्सपर्ट है। कंपनी की टीम सामग्री लेकर फरवरी के मध्य में शाजापुर पहुंच गई थी। लेकिन, हेलिकॉप्टर के टेंडर में देरी होने व तकनीकी गड़बड़ी के चलते अभियान शुरू नहीं हो पाया। अब गर्मी होने लगी है। इसे देखते हुए अफ्रीका से आई विशेषज्ञों की टीम ने काले हिरण पकड़ने से इनकार कर दिया है। टीम का कहना है कि गर्मी के दौरान कैजुअल्टी अधिक हो सकती है। हिरण सेंसेटिव वन्य जीव हैं, इसलिए ठंड के मौसम में अभियान चलाया जाएगा। चीतल हिरण से मजबूत होते हैं इसलिए इन्हें गांधीसागर लाने का काम किया जा रहा है।

### अफ्रीका से गांधीसागर नहीं पहुंची टीम...

चीतों को बसाने से पहले अफ्रीका के विशेषज्ञों की टीम गांधीसागर का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेगी। टीम 15 से 20 फरवरी के मध्य आने वाली थी।




लेकिन, अब तक नहीं आई। सूत्रों की माने तो अफ्रीका में चुनाव व अन्य कारणों के चलते टीम नहीं आ पाई। अब लोकसभा चुनाव को लेकर देश में आचार संहिता लग गई है। जिससे अभी फिलहाल टीम के आने की संभावना कम है।

### प्रति वर्ग किलोमीटर में होना चाहिए 35 वन्य जीव...

विशेषज्ञों के अनुसार गांधीसागर में चीतों के शिकार के लिए प्रति वर्ग किमी में 35 वन्य जीव होने चाहिए। इसके लिए शासन ने एक से डेढ़ माह पूर्व सर्वे कराया तो प्रति वर्ग किमी में 12 से 15 वन्य जीव पाए गए। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए शाजापुर से 400 काले हिरण, 100 नील गाय एवं कूनो व वनविहार से 1 हजार चीतल लाए जाना है। चीतल लाने का कार्य जारी है। अब तक 350 चीतल लाए गए हैं। लेकिन, काले हिरण नहीं ला पाने और शिकार की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने पर चीतों को लाने में देरी हो सकती है।



### इनका कहना...

तकनीकी कारणो के चलते हेलिकॉप्टर के टेंडर में नहीं हो पाए थे। अब गर्मी के कारण अफ्रीका से आई टीम ने हिरण पकड़ने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि गर्मी में कैजुअल्टी अधिक होने की संभावना रहती है। ऐसे में अब गर्मी के बाद हिरण पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा।

**मयंक चांदीवाल**
**डीएफओ, शाजापुर**



# एक अप्रैल से नया सत्र, तैयारी शुरू

## शिक्षाधिकारियों और प्राचार्यो को जारी किए गए निर्देश

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी एक अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरु हो जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने निर्देश जारी किए है। शिक्षाधिकारी और स्कूल प्राचार्यो को मप्र शासन के शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2024 को प्रत्येक हाई स्कूल तथा हायर सेकंडरी विद्यालय में निम्नानुसार प्रवेशोत्सव मनाया जावे। समस्त परीक्षाएं समाप्त हो गई है एवं विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम (कक्षा-8 से कक्षा-11), नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल 2024 तक या शीघ्र आने की संभावना है। अत: पूर्व कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अस्थाई रूप से अगली कक्षा में प्रवेशित मानते हुए कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जावें।

15 अप्रैल 2024 को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक का आयोजन किया जावे एवं उसमें विद्यालय के पूर्व छात्रों को भी आमंत्रित किया जावे। उपस्थित सदस्यों से छात्रों के नामांकन, उपस्थिति, उपलब्धि स्तर तथा सत्र हेतु अध्ययन-अध्यापन की प्रस्तावित कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की जावे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं खेल कूद गतिविधियों का आयोजन किया जावे। प्रवेशोत्सव में सामुदायिक सहभागिता हेतु जिला, विकासखण्ड एवं स्थानीय स्तर पर स्थानीय समाचार पत्रों एवं अन्य गतिविधियों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जावे। जिससे जन समुदाय, पालकों एवं विद्यार्थियों को प्रवेशोत्सव की जानकारी हो तथा विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। प्रवेशोत्सव में जन प्रतिनिधियों को सादर आमंत्रित किया जावे। प्राचार्य के निर्देशन में विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा क्षेत्र में निवासरत अभिभावकों से सतत संपर्क कर शिक्षण सत्र प्रारंभ की जानकारी प्रदान की जावे। प्रत्येक हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्ड्री विद्यालय के कैंचमेंट क्षेत्र में आने वाले समस्त विद्यालयों के अप्रवेशित विद्यार्थियों को शाला में वापस लाने हेतु विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा अपने क्षेत्र में सतत एवं गहन संपर्क अभियान चलाया जावे। इसके अलावा अन्य निर्देश भी शैक्षणिक सत्र को लेकर जारी किए गए है।

# पीएससी में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले के संजीत गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शनिवार रात अचानक आग लग गई।



बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल में लगे इलेक्ट्रिक मीटर में हुए शार्ट सर्किट के चलते आगजनी की घटना हुई। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। नहीं तो बड़ा हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई मरीज भी एडमिट नहीं था। मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर स्थित संजीत गांव में शनिवार की रात सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के मेडिसिन स्टोर रूम के बाहर लगे इलेक्ट्रिक मीटर में अचानक शार्ट सर्किट हुआ इससे बाद मीटर धूं-धूं कर जलाने लगा। आग की लपटें उठती देख हॉस्पिटल स्टाफ ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की। स्वास्थ्य केन्द्र में आग की खबर के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हॉस्पिटल स्टाफ ने ग्रामीणों के सहयोग से फायर सेफ्टी इक्विपमेंट और पानी की मदद से आग पर काबू पाया। उधर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आग की सूचना के बाद विद्युत मंडल के कर्मचारियों ने मीटर दुरुस्त किया। अच्छी बात यह रही कि हॉस्पिटल में कोई मरीज एडमिट नहीं था और आग पर समय रहते काबू पा लिया गया।

## फांसी लगाई, मौत

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के खानपुरा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार शनि मंदिर के पास रहने वाले राजेंद्र विजय राव ने फांसी लगा ली। इसके बाद परिजनो द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शहर कोतवाली पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु की गई है। युवक द्वारा की गई आत्महत्या के कारणों का पता नहीं लग पाया है।

## मामला मिक्सर मशीन की चपेट में आने से महिला की मौ

# सड़क पर शव रख कर किया चक्काजाम

**पिपलिया मंडी, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गर्रावद के निकट शनिवार को सड़क निर्माण में लगी मिक्सर मशीन की चपेट में आने से दो महिलाएं घायल हो गई थी। उपचार के दौरान रात में एक महिला की मौत हो गई। रविवार सुबह मृतक महिला के परिजनों ने संजीत-रणयता रोड गर्रावद फंटे पर शव रखकर सड़क पर चक्का जाम कर दिया।

**ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने और आर्थिक सहायता की मांग**

आंदोलनकारियो ने परिजनों को 50 लाख रूपए की सहायता तत्काल देने और सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने, मिक्सर मशीन के चालक पर हत्या का मामला दर्ज करने जैसी मांगों पर परिजन अड़ गए। मौके पर नारायण गढ टीआई टीआई अनिल रघुवंशी, मल्हारगढ़ नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने सड़क पर शव रख प्रदर्शन कर रहे परिजनों को समझाया। करीब 2 घंटे चले चक्काजाम के बाद परिजन माने और प्रदर्शन खत्म हुआ।

### यह था मामला...

शनिवार देर शाम बूढ़ा-गर्रावद मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य चलने के कारण गर्रावद निवासी महिला यशोदाबाई पति प्रहलाद सूर्यवंशी उम्र 35 वर्ष व रुकमणबाई पति गोरधन सूर्यवंशी उम्र 40 वर्ष बाइक से नीचे उतरकर सड़कपर पैदल जा रही थी। इस दौरान मिक्सर मशीन के ड्राइवर ने मशीन को पीछे ले लिया। इससे दोनों महिला चपेट में आने से गंभीर घायल हो गई। मौके पर पहुंची



पुलिस ने दोनों महिलाओं को एम्बुलेंस से मंदसौर बड़े अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने यशोदा बाई को मृत घोषित कर दिया। इधर रुकमणबाई अस्पताल में उपचाररत है।

### इनका कहना...

परिजनों की कुछ मांगे थी। जिनका प्रपोजल बनकर शासन को भेजने की बात पर परिजन माने है। आरोपी मिक्सर मशीन चालक के खिलाफ रात में ही मामला दर्ज कर लिया गया था। नायब तहसीलदार सुनील अग्रवाल ने बताया की सीएम कोष से 10 लाख की सहायता का प्रपोजल बनाकर भेजने का आश्वासन परिजनों को दिया है। इसके निर्माण के दौरान संकेतक लगाने के निर्देश ठेकेदार को दिए हैं।

**अनिल रघुवंशी**
**निरीक्षक थाना नारायणगढ़**

### आरएसएस में बदलाव...

# बलिराम पटेल की जगह राजमोहन होंगे नए प्रांत प्रचारक

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल




भारतीय प्रतिनिधि सभा में बड़े बदलाव हुए हैं। प्रतिनिधि सभा मे दत्तात्रेय होसबोले को पुन: सरकार्यवाह चुना गया था। जिसके बाद उन्होंने साल 2024-27 केकार्यकाल हेतु छह सह सरकार्यवाह नियुक्त किए गए है। इसके साथ ही अन्य दायित्व में भी बदलाव किए गए है। जिसके तहत मालवा प्रांत के प्रांत प्रचारक बलिराम पटेल की जगह राजमोहन को नया प्रांत प्रचारक नियुक्त किया गया है। बलिराम पटेल अब अखिल भारतीय सामाजिक सद्भाव प्रमुख का दायित्व संभालेंगे।

कार्यकारिणी में छ: सह सरकार्यवाह चुने गए। जिसमें कृष्ण गोपाल, मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, अतुल लिमये, आलोक कुमार शामिल हैं। स्वप्निल कुलकर्णी मध्य क्षेत्र के नए क्षेत्र प्रचारक, राजमोहन मालवा प्रांत के नए प्रांत प्रचारक, मध्य क्षेत्र के वर्तमान क्षेत्र प्रचारक दीपक विस्पुते, अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख, मालवा प्रांत के वर्तमान प्रांत प्रचारक बलिराम पटेल अब अखिल भारतीय सामाजिक सद्भाव प्रमुख, इंदौर में विभाग प्रचारक रहे विमल गुप्ता अब मध्य भारत प्रांत के नए प्रांत प्रचारक, वर्तमान में मालवा प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख विनय दीक्षित अब प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक का दायित्व संभालेंगे।


✻ नवम पुण्य स्मरण ✻
आपने अपने जीवन में जो सादगी, धर्म व चरित्र का उच्च पथ का प्रदर्शन किया है।
उस पर हम निरंतर चलने का प्रयत्न करें। ऐसी सद्बुद्धि प्रदान करें।


श्री तुलसीरामजी रोचवानी (मामाजी)
(मीसाबंदी) की आज नवम पुण्यतिथि पर
आपके पुण्य प्रताप की पनाहों में हम महफूज है...
सादर नमन
आपके पद चिन्हों पर चलने हेतु तत्पर...
✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻ श्रद्धानवत ✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻
सावित्री देवी रोचवानी (पत्नी)
✻ हेमन्त – नीनू रोचवानी (पुत्र-पुत्रवधु) ✻ हरीश-प्राची रोचवानी (पुत्र-पुत्रवधु)
✻ सन्नी-किमाया रोचवानी (पौत्र-पौत्रवधु) ✻ अजय, भारती, हारवी रोचवानी एवं परिवार मंदसौर
मे. दयाराम ट्रेडर्स
वीआईपी मार्केट एण्ड कृषि उपज मंडी मंदसौर
वरुण ट्रेडिंग कम्पनी
वीआईपी मार्केट, बस स्टेण्ड, मंदसौर



जय श्री कृष्णा
पोरवाल समाज के आराध्य देव, प्रात: स्मरणीय
राजा टोडरमलजी
की 18 मार्च को


जन्म जयंती पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रामचन्द्र गुप्ता | घनश्याम धनोतिया | अरुण सेठिया | भरत मांदलिया | पवन धनोतिया | आनंद मुजावदिया |
| अध्यक्ष | सचिव | सह कोषाध्यक्ष | अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सचिव |
| पोरवाल समाज सुवासरा | पोरवाल समाज सुवासरा | पोरवाल समाज सुवासरा | पोरवाल युवा संगठन | पोरवाल युवा संगठन | पोरवाल युवा संगठन |




# अपने परिवार व अपने समाज में समरसता लाना जरूरी-विक्रम सिंह

## सामाजिक समरसता मंच का होली मिलन समारोह संपन्न

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक समरसता मंच का होली मिलन समारोह शनिवार 16 मार्च को पंच कचेलिया तेली समाज धर्मशाला में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मिथिलेश जी नागर राष्ट्रीय संत भागवताचार्य, अध्यक्ष दशरथ सिंह झाला माननीय जिला संघचालक, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विक्रम सिंह जी मालवा प्रांत शारीरिक शिक्षा प्रमुख थे। कार्यक्रम संस्कृत पाठशाला के बटुको द्वारा मंत्रोचार के साथ अतिथियो द्वारा सर्वप्रथम मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तथा अतिथियो का परिचय लखन बेरागी द्वारा कराया गया तत्पश्चात अतिथि स्वागत प्रधुम शर्मा, अमरजीत सिंह चाँवला(टिटू भाई) गणेश वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में दशरथ सिंह झाला ने प्रस्तावना रखते हुए कहा की होली ऐसा त्यौहार है जिसमे कोई भेद भाव नही रहता है सभी एक रंग में रंग जाते है सामाजिक समरसता मंच के माध्यम से समाज में समरसता लाने के लिए फाग यात्रा और होली मिलन समारोह किया जा रहा है हमारा भाव है की हम एक रहे हम एक रहेंगे तभी हम सुरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिथिलेश नागर ने अपने उदबोधन में कहा की हम 2003 से होली मिलन समारोह कर रहे है अभी तक हम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे क्या इस का चिंतन करना होगा हम अलग अलग मतो को मानने वाले हो सकते है परंतु हमारा लक्ष्य एक होना चाइए की प्रत्येक हिन्दू संगठित हो अंतिम व्यक्ति को गले लगाना ही समरसता मंच का ध्येय है बडे बडे मंचो से जो बाते कही जाती है उन्हे समाज में उतरना होगा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विक्रम सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा की आज हमे पांच संकल्प लेना होंगे पहला परिवार में समाज में समरसता लाना,परिवार को टूटने से बचाना,स्वदेशी को बढ़ावा देना,देश के प्रति कर्तव्य,पर्यावरण को बचाना। आज हमे हमारे परिवार में पहले समरसता लानी होगी अपनी जाति समाज में समरसता का भाव लाना होगा तब जाकर सभी समाज,प्रदेश,देश में समरसता आ सकती है अगर मंदिर बनने से राम राज्य आता तो पूरे देश में कई मंदिर है और बनवा देते रामराज्य के लिए राम को अपने अंदर आत्मसात करना होगा बहनों को भी सीता माता को अपने अंदर आत्मसात करना होगा आज समाज जातिगत युद्ध की और बड रहा है जो देश एव हिंदू समाज के लिए खरतनाक है।कई प्रदेशों में तो जातिगत लड़ाई शुरू भी हो चुकी है हमे इससे बचना है भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए है इससे क्या अपराधो में कमी आई है क्या? यहां अधिकारों की बात तो होती है पर कर्तव्यो की कोई बात नही करता है हमने महापुरुषों के साथ साथ भगवान को भी बांट लिया है आगे चल के देश भी बटने वाला है क्यों की आज भी कई गांवों में शमशान भी जाति के आधार पर बने है जो चिंता का विषय है गांवों में अभी भी मंदिरों में कई लोगो को प्रवेश नही जो हिंदू समाज के लिए खतरा है आज परिवारों का विघटन हो रहा है टीवी सीरियल और वेब सीरीज परिवारों के विघटन का मुख्य कारण है आने वाले समय में कई रिश्ते समाप्त हो जायेंगे आने वाली पीढ़ी मामा, काका, मौसी, भुआ, जैसे रिश्तों से वंचित होने वाली है परिवार के संस्कार,संस्कृति वापस लानी होगी परिवार की ताकत को समझना होगा संस्कृति बचाना है तो परिवारों का विघटन रोकना होगा पर्यावरण बचाना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है आप पेड़ नही लगा सकते पर पेड बचा तो सकते हो पोलीथीन मुक्त परिवार,समाज बनाना जरूरी है हमे व्यक्तिगत संकल्प लेना होगा। देश में बनी वस्तु का उपयोग करेंगे तो देश बचेगा आज दुनिया में हमारा सबसे बड़ा शत्रु चीन है वर्तमान में हमे शत्रु देश और मित्र देश को पहचानना होगा देश के प्रति हमारा क्या कर्तव्य है यह भी जानना जरूरी है सरकारी संपत्ति का नुकसान किसी भी कीमत पर नहीं होना चाइए विरोध करने का तरीका हमारा गलत है जो हम सरकारी संपत्ति का नुकसान करते है प्रत्येक व्यक्ति को अब अधिकारों की बजाय कर्तव्यो की बात करना होगी समाज देश के लिए जीना होगा कभी भी किसी को नीचा दिखाने के लिए कार्य नही करना चाइए क्युकी संघ ही समाज है और समाज ही संघ है। इस अवसर पर सभी समाज के प्रमुख,गणमान्य नागरिक,माताएं बहनें उपस्थित थी। कार्यक्रम में एकल गीत कन्हेयालाल देशमुख ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम का संचालन अविजित ने किया आभार प्रतीक मारू ने माना। उक्त जानकारी सामाजिक समरसता मंच जिला संयोजक मानवेन्द्र सिंह ने दी।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण -सांसद

**मंदसौर/नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश जी नाडा एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नेतृत्व में मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी विजय के संकल्प लेकर राजनीतिक युद्ध के मैदान में उतर चुकी है। इसी क्रम में आज रविवार को भाजपा सोशल मीडिया के पदाधिकारी और सदस्यों की एक बैठक आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्थानीय पद्मावती रिसोर्ट में सांसद एवं लोकसभा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया की गरिमाय उपस्थिति में हुई। बैठक के प्रारंभ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तत्पश्चात अतिथि गणों का स्वागत आईटी सेल के पदाधिकारीयो द्वारा किया गया मंच पर भाजपा जिला




महामंत्री गणपत सिंह आंजना, आईटी सेल के लोकसभा संयोजक सूर्यांश राठौर ,आईटी सेल के जिला अध्यक्ष दिव्यांश सुराणा, आईटी सेल जिला संयोजक नीमच नरेंद्र सिंह झाला, उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत मंचासिन रहे। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद गुप्ता ने कहा कि आज का देश बदल रहा है और उन्होंने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में हर वर्ग के लिए कार्य किया है। गरीब को मकान, गरीब को उज्वला योजना का लाभ, आम जनता उपचार के लिए अब किसी के आगे मोहताज नहीं होना पड़ता है। आयुष्मान कार्ड योजना से 5 लाख की गारंटी हमेशा गरीब और आम आदमी की जेब में है। यह कार्य है मोदी सरकार का। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से हमारा यह कर्तव्य है कि केंद्र की लाभकारी योजनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाएं और उसे उसका पूरा लाभ दिलवाने में मदद करें।

भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि भाजपा के सोशल मीडिया एवं आई टी कार्यकर्ता सभी अपने दायित्वों पूर्ण रूप से निर्वहन करें। हमारे सैनिक बूथ के साथ साथ सोशल मीडिया के मंच पर भी मजबूती के साथ तैनात हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से हम विपक्षी दलों के दुष्प्रचार को आसानी से नाकामयाब कर सकते हैं। बैठक में संजय गोठी शाहिद मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के आईटी संयोजक एवं आईटी टोली, पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## निजी भवनों में स्थित मतदान केंद्र भवन एवं कॉलेज भवन अधिग्रहित

**नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024, को दृष्टिगत रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली व्दारा निर्वाचन की घोषणा की जा चुकी है, जिसके अनुसार जिले के निर्वाचन क्षेत्रों में 16 मार्च 2024 से निर्वाचन समाप्ति तक के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा जिले में शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी भवनों में, 743 मतदान केंद्रों के समस्तं भवनों तथा शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच, शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा एवं शासकीय महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद के भवन एवं उनके परिसर को अन्य आदेश होने तक के लिए अधिग्रहित किया गया है। उक्तानुसार अधिग्रहित समस्त मतदान केंद्रों के भवन, महाविद्यालय भवन तथा परिसर का कोई भी कक्ष, भाग जिला निर्वाचन कार्यालय की बिना अनुमति के अन्यत्र उपयोग नहीं किया जा सकेगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

## शिशु मंदिर में आयोजित हुआ दीक्षांत समारोह



**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. केशव नगर, मंदसौर में कक्षा द्वादश का स्नेहांजलि (दीक्षांत समारोह) हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री श्याम जी मुजावदिया मोटिवेशनल स्पीकर विशेष अतिथि मंदसौर विभाग के विभाग समनवयक श्री केलाश जी धनगर, व समिति के सचिव श्री मिलिन जी व्यास मंचासीन रहे। साथ ही समिति कोषाध्यक्ष श्री नितेश जी भदादा सह सचिव श्री चंद्र शेखर जी हलकारा, समिति सदस्य श्री पिंकेश जी चैरडिया,दिनेश जी पालीवाल, श्रीमती पायल जी कियावत,श्री प्रमोद जी सेठिया, विधालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव, प्रधानाचार्य श्री राजपाल सिंह सिसोदिया, अभिनंदन विधालय के प्राधनाचार्य मुकेश जी पाठक,आचार्य परिवार व कक्षा 12 व 11 के भैया बहिन उपस्थित रहे। अतिथि परिचय भैया दिपेश सांखला, एवं स्वागत तरुण आँजना व परमेश्वर कुमावत ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की बहिन मधु अवस्थी व नेहा अहिरवार, गीत सलोनी माली व अमृत वचन पूजा माली द्वारा प्रस्तुत किया गया सआभार रीना पाटीदार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 12 के भैया बहनो के लिए मनोरंजक खेल का आयोजन किया गया। वक्ताओ द्वारा अपने संबोधन में आगामी जीवन में आने वाली चुनोती एवं उनसे पार पाने के तरीके पर चर्चा की।




## कोलकाता मेंबर्स मीट में आईसीएआई के पदाधिकारियों ने लिया भाग

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ओर से कोलकाता में आल इंडिया मैनेजिंग कमिटी मेंबर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंदसौर ब्रांच ऑफ़ सीआइआरसी की ओर से शाखा के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया, सचिव सीए विकास भंडारी, ट्रेजरार सीए नयन जैन, कार्यकारिणी सदस्य सीए अर्पित नागदा, निवृत्तमान अध्यक्ष सीए विरेन्द्र कुमार जैन ने कोलकाता पहुंचकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में भारत के सभी राज्यों से 1200 से अधिक सीए भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में सीए प्रोफेशन में पारदर्शिता और स्वतंत्रता का ध्यान रखते हुए सीए प्रोफेशन और भारत की इकोनोमी को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। ब्रांच के अध्यक्ष सीए श्री दिनेश जैन ने बताया की नई ब्रांच के संचालन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन इस कांफ्रेंस के माध्यम से प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने सन 2047 की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सीए प्रोफेशनल को तैयार करने के लिए आव्हान किया है। आईसीएआई के प्रेसिडेंट सीए श्री रंजीत कुमार अग्रवाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग सीए प्रोफेशन में किस तरह करना है उसके बारे में विस्तार से बताया। आईसीएआई वाइस चेयरमेन श्री नड्डा ने विदेशों में सीए कार्य की नई संभावनाओं के बारे में नए अवसरों के बारे मे चर्चा की।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा लोकसभा प्रभारी के रूप में धीरज पाटीदार नियुक्त

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर, नीमच, जावरा लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा लोकसभा प्रभारी के रूप में धीरज पाटीदार की नियुक्ति की गई। वर्तमान में धीरज पाटीदार पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेष मंत्री का दायित्व संभाल रहे है।



अपनी नियुक्ति पर धीरज पाटीदार ने कहा कि ओबीसी का एक बहुत बड़ा वर्ग मंदसौर लोकसभा क्षेत्र में मतदाता के रूप में उपस्थित है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगातार कई योजनाओं के माध्यम से इस वर्ग को लाभ पहुंचाया गया है। भाजपा सरकारों द्वारा प्रमुख मुद्दों में ओबीसी वर्ग को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने से लेकर ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार द्वारा किया है। पंचायती राज चुनाव में भी ओबीसी वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है। केंद्र सरकार की समस्त योजनाओं एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं में चाहे किसान हो, युवा हो, महिलाएं हो सभी को शिक्षा का क्षेत्र हो व्यापार का क्षेत्र हो चाहे स्वास्थ्य का क्षेत्र हो योजनाओं के माध्यम से अग्रिम पंक्ति में रखा और पूरा ध्यान रखा गया है। पिछड़ा वर्ग को लाभ हो उनका उत्थान हो इस हेतु बड़े कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा उठाए गए है। इन सब बातों को लेकर जनता के बीच पूरे संसदीय क्षेत्र में ओबीसी मोर्चे के टीम के साथ योजना बनाकर जायेंगे और अपनी और पार्टी की बात जनता के बीच रखकर लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को ऐतिहासिक विजय श्री दिलाने के लिए संकल्पित होकर कार्य करेंगे। इस नियुक्ति सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं।

## सात दिवसीय विशेष शिविर शेषपुर में प्रारंभ

**मनासा, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय रा.वि. महाविद्यालय मनासा जिला नीमच का 7 दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम शेषपुर मे प्रारंभ हुआ। शिविर का उदघाटन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल.धाकड, डॉ. जी.के. कुमावत, एनएसएस जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया द्वारा किया गया। यह शिविर शेषपुर में दिनांक 16 से 22 मार्च तक आयोजित होगा। शिविर की थीम स्वास्थ्य- जनस्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य है। उदघाटन सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल.धाकड ने कहा कि एनएसएस व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भुमिका निभाता है और मजबूत बनाता हैं। डॉ. जी.के. कुमावत ने कहा कि एनएसएस शिविर में स्वयंसेवक अपने कार्यो से समाज में परिवर्तन और चेतना का कार्य करते है। एनएसएस जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थी जीवन को अनुशासन नई दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एम.एल.धाकड, एनसीसी प्रभारी डॉ. जी.के. कुमावत, एनएसएस जिला संगठक प्रो. अरुण कुमार चौरसिया, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आशा पटेल, डॉ. स्मिता रावत, प्रो.आशीष




द्विवेदी, प्रो.जगदीश विजयवर्गीय, शेषपुर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य भावना गर्ग सहित समस्त स्टाफ एवं शिविर एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया मीडिया सेंटर का निरीक्षण

**नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा रविवार को कलेक्टोरेट में स्थापित मीडिया सेंटर एवं मीडिया मॉनिटरिंग कक्ष का आकस्मिक निरीक्षण कर न्यूज चैनल मॉनिटरिंग, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने मीडिया मॉनिटरिंग दलों व्दारा किए जा रही न्यूज चैनल मॉनिटरिंग पंजी का अवलोकन भी किया तथा संबंधितों को न्यूज चैनलों, सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मीडिया मॉनीटरिंग दलों के कर्मचारियों की मीडिया सेंटर में उपस्थिति पंजी संधारित करने के निर्देश नोडल अधिकारी श्री एस.सी.जनोलिया को दी है। इस मौके पर एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रीति संघवी, डॉ.ममता खेडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव शाहू, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, नोडल अधिकारी प्रिंट मीडिया श्री चंद्रपालसिह राठौर एवं मीडिया मॉनीटरिंग दल के सदस्यगण उपस्थित थे।





## अहिरवार समाज की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को अहिरवार समाज की बैठक बंजारी बालाजी मे संपन्न हुई। जिसमें रविदास जन्मोत्सव का आय व्यय भी प्रस्तुत किया । बैठक मे आयोजक समिति के अध्यक्ष पुष्कर अहिरवार, पूर्व अध्यक्ष धन्नालाल, कन्हैयालाल पेंटर, बसंतीलाल अहिरवार, पुष्कर रत्नावत, मनोहर अहिरवार, मनोहर रत्नावत, नवीन रत्नावत, जुझार अहिरवार लाला, रामस्वरूप बंटी रत्नावत, चेतन पानपुर, विष्णु अहिरवार, बंसीलाल प्रकाश मेनपुरिया, कन्हैया रत्नावत, ललित रत्नावत, भारत अहिरवार सहित समाजजन उपस्थित थे। यह जानकारी आयोजक समिति के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर अहिरवार ने दी है।

## 95 वर्ष की आयु में श्रीमती अड़ावदिया का दुखद निधन

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस में सेवानिवृत्ति अकाउंटेंट स्व. श्री बिहारीलाल की धर्मपत्नी एवं देवेंद्र अडावदिया (सेवानिवृत शिक्षक) एवं राजेंद्र अडावदिया( सेवानिवृत्ति कलेक्टर कार्यालय ) रविंद्र अडावदिया (अकाउंटेंट एमआईजीएल जयपुर) की माताजी का दुखद निधन 95 वर्ष की आयु में हो गया है। आप धर्म स्वावलंबी एवं मिलनसार महिला थी आपने जीवन भर अपने परिजनों एवं समाज जनों की सेवा के लिए अनेक कार्य किया आपके निधन पर एवं शोक यात्रा में समाज के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, एवं शिक्षा व कलेक्टर कार्यालय से जुडे अनेक कर्मचारीयों ने अंतिम यात्रा में भाग लेकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की आप देवास के वरिष्ठ पत्रकार शैलेंद्र अड़ावदिया (प्रधान संपादक देवास अंचल) की दादी थी। आपके निधन पर देवास एवं मंदसौर के पत्रकारों ने भी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है,। मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक झलोया ने भी श्रीमती घीसी बाई के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है अपने पीछे आप पूरा हरा भरा परिवार छोडकर गई है।



# अवकाश के दिन भी कार्यालय में निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्त करने/ई-मेल देखने की व्यवस्था करें

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिये है लोकसभा निर्वाचन 2024 के परिपेक्ष्य में जारी विभिन्न पत्रों/आदेशो के पालन के लिए मंदसौर जिले के समस्त विभागों के कार्यालय प्रमुख निर्वाचन संबंधी डाक/निर्देश/ आदेश प्राप्त करने हेतु अपने-अपने कार्यालय में उचित व्यवस्था करे तथा निचलें स्तर तक तत्काल डाक प्रेषित करने की व्यवस्था भी करे। निर्वाचन से संबंधित अधिकांश पत्राचार ई-मेल एवं वाट्सअप के माध्यम से किया जावेगा, इस बाबत् ई-मेल चेक कर संबंधित कर्मचारी को उसकी जानकारी देने आदेश तामिल करवाने एवं वाट्सअप पर प्राप्त आदेश/पत्र से संबंधित शासकीय सेवकों को तत्काल तामिल करायें। प्रत्येक समय ई-मेल चेक करने हेतु कर्मियों की उचित व्यवस्था भी करें। कार्यालयीन समय के पश्चात एवं अवकाश के दिन में भी कार्यालय में निर्वाचन संबंधी डाक प्राप्त करने/ई-मेल देखने की व्यवस्था रखे। विभाग के किसी अधिकारी/कर्मचारी की निर्वाचन कार्य में ड्युटी लगाई जाने पर संबंधित को तत्काल आदेश/पत्र निर्वहन सुनिश्चित करे तथा भारमुक्त करना सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना मोबाईल निरन्तर चालू रखेंगे तथा अवकाश के संबंध में जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जावें।



## कलेक्टर ने किया निर्वाचन कार्यालय एवं कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

**नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन ने रविवार को जिला निर्वाचन कार्यालय नीमच का निरीक्षण किया। उन्होने कन्ट्रोल रूम का अवलोकन कर, प्राप्त शिकायत पंजी का अवलोकन किया और प्राप्त शिकायतों के निराकरण का जायजा लिया। कलेक्टर श्री जैन ने कलेक्टोशरेट मे स्थापित जिला कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण कर सी-वीजिल एवं टोल फ्री नम्बर के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की संख्या और उनके निराकरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने कंट्रोल रूम प्रभारी सुश्री किरण आंजना से कंट्रोल रूम पर तैनात कर्मचारियों और उनके व्दारा संपादित कार्यो की जानकारी ली तथा प्राप्त शिकायतों पर तत्वरित कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम सुश्री लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टकर श्री राजेश शाह, सुश्री प्रीति संघवी, डॉ.ममता खेडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव शाहू, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, नोडल अधिकारी प्रिंट मीडिया श्री चंद्रपालसिह राठौर एवं मीडिया मॉनीटरिंग दल के सदस्य गण उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव को देखकर ऐसा लगता है कि-

# राजनीति में कोई गुरु, धैर्य और विज़न होना आवश्यक है, एमबीबीएस की पढ़ाई छोड़ दी

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव अपने विद्यार्थी जीवन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं तथा वहीं से इन्हें राष्ट्र सेवा का संस्कार प्राप्त हुआ। यह बचपन से ही नेतृत्व करने का गुण लिए हुए थे, और इस गुण को विकसित करने में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का बहुत बड़ा योगदान रहा, वहीं उनके गुरु, विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री स्वर्गीय श्री शालिग्राम जी तोमर का बहुत बड़ा योगदान रहा। माधव विज्ञान कॉलेज में जब मोहन जी बीएससी कर रहे थे इसी समय वे कॉलेज के जॉइंट सेक्रेटरी भी हो गए थे इसी बीच उन्होंने पीएमटी की परीक्षा को क्लियर कर लिया तथा इंदौर के मेडिकल कॉलेज में इनका एडमिशन भी हो गया था किंतु मेडिकल कॉलेज में चुनाव नहीं होते हैं और ये चुनाव लड़ने के शौकीन थे अर्थात एक विजन उनकी आंखों में था तो उन्होंने सिर्फ चुनाव लड़ने के लिए ही मेडिकल की पढ़ाई छोड़ दी और वापस माधव विज्ञान महाविद्यालय में प्रवेश ले लिया और फिर छात्र संघ का चुनाव लड़ा।



विद्यार्थी परिषद में प्रदेश के विभिन्न पदों पर रहते हुए वे राष्ट्रीय महामंत्री के पद तक पहुंच गए उस समय उनके साथ के जेपी नड्डा तथा धर्मेंद्र प्रधान राजनीति में जा चुके थे यह देखकर उनकी भी इच्छा हुई कि मुझे अब राजनीति में जाना चाहिए किंतु इस समय विद्यार्थी परिषद के प्रांतीय संगठन मंत्री शालिग्राम जी तोमर जो उनके गुरु रहे, उन्होंने कहा कि अभी तुम्हारा राजनीति में जाने का समय नहीं है और मोहन यादव ने विनम्रता से उनकी बात को स्वीकार किया। श्री शालिग्राम जी तोमर का उनके पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में इतना सहयोग था कि श्री मोहन यादव के विवाह को कराने में श्री शालिग्राम जी तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही और उन्होंने ही इनके लिए लड़की ढूंढी तथा रीवा में इनका संबंध कराया था। इस बीच उन्हें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सायं विभाग का कार्यवाह का दायित्व दिया गया। उस समय कुछ क्षण के लिए उन्हें से लगा कि, कहां मैं परिषद का राष्ट्रीय महामंत्री रहा और अब मुझे यह संघ का दायित्व दिया गया किंतु उन्होंने संगठन के आदेश को शिरोधार्य किया। एक बार फिर उन्हें राजनीति में जाने की इच्छा हुई तो श्री शालिग्राम तोमर ने उनसे कहा कि- राजनीति में जाने के पहले अपने व्यवसाय को सेट करो, क्योंकि राजनीति में जाना है तो आर्थिक दृष्टि से अपने आप को इतना सक्षम बनाओ कि किसी के सामने हाथ फैलाने की आवश्यकता ना पड़े।

फिर 1997- 98 में उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रांतीय सदस्य, फिर नगर मंत्री जिला मंत्री इत्यादि के दायित्व मिलते चलेगये। 2003 में तो उन्हें बड़नगर से विधानसभा का टिकट तक मिल गया था किंतु वहां स्थानीय विरोध तथा संगठन के वरिष्ठलोगों की सलाह पर इन्होंने विधानसभा का टिकट वापस कर दिया, क्योंकि वहां पर इनसे 20 साल सीनियर श्री शांतिलाल झंवर चुनाव लड़ना चाहते थे और उन्होंने इसी का सम्मान करते हुए यह त्याग किया था। उस समय भी अनेक सहयोगी मित्रों ने इनसे कहा कि यह राजनीति है, इसमें अवसर को चूकना नहीं चाहिए किंतु फिर भी श्री मोहन यादव ने अपने वरिष्ठ श्री माखनसिंह चौहान तथा श्री शालिग्राम तोमर की बात को माना। 2008 में भी इन्हें टिकट नहीं मिला किंतु उनके सामने हाउसिंग बोर्ड , अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बनने का प्रस्ताव आया परंतु इन्होंने यह कहकर टाल दिया कि मैं किसी विशेष क्षेत्र में बंध कर कार्य करना नहीं चाहता। 2013 में फिर इन्हें विधानसभा टिकट मिला और यह विजयी हुए। उक्त संक्षिप्त कहानी से यह पता चलता है कि,



राजनीतिक उंचाइयों को प्राप्त करने के लिए जीवन में एक राजनीतिक गुरु का होना जरूरी है तथा अपने स्वप्न के प्रति दृढता इस तरह हो कि इन्होंने चुनाव लड़ने के लिए मेडिकल की पढ़ाई छोड़दी तथा धैर्य ऐसा कि विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री रहने के बाद भी आरएसएस के सायं विभाग कार्यवाह का दायित्व निभाया तथा बाद में जनता युवा मोर्चा में नगर मंत्री जिला मंत्री बन कर के अपनी राजनीतिक यात्रा को शुरू किया तब कहीं जाकर विधायक, कैबिनेट मंत्री तथा अब सीधे मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी श्री मोहन यादव को मिली है। इसी राजनीतिक प्रक्रिया का पालन,वर्तमान कार्यकर्ताओं को भी करना चाहिए।

**रमेशचन्द्र चन्द्रे, मंदसौर**

## आ गए चुनाव

आत्मा की आवाज<br>
दल बदल की होड<br>
विधायकों में हो रही<br>
पार्टी छोड दौड<br>
सरकार का इनपुट<br>
विधायकों की लूट<br>
पार्टी में फूट<br>
गठबंधन की टूट<br>
मुफ्त की रेवडी<br>
महिला, युवा पर दाव<br>
वादों की गारंटी<br>
आ गये चुनाव।



**नंदकिशोर राठौर मंदसौर**





# श्याममयी हुआ मंदसौर

## खाटू श्याम बाबा की फाग यात्रा में उमड़ा भक्ति का सैलाब

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को दशपुर खाटू श्याम बाबा की भक्ति में रमा नजर आया। अवसर था खाटू श्याम बाबा की फाग यात्रा का।

रविवार को नगर में खाटू श्याम बाबा की भव्य फाग यात्रा धूमधाम से सभी धर्म प्रेमियों द्वारा निकाली गई। फाग यात्रा में भक्तजनो ने बाबा के साथ गुलाल की होली खेली। फाग यात्रा का विषेष आकर्षण बाबा की शाही सवारी रही। वहीं दिल्ली की झांकियां, राधा कृष्ण झांकी, अघोरी नाथ की झांकी, राम मंदिर की झांकी, उज्जैन के ताशे, मंदसौर के ताशे, उज्जैन की डमरू पार्टी, महाकाल की तोप, डीजे, घोडे, बग्घी, अन्नपुर्णा ढोल पार्टी, फूल वर्षा, इत्र वर्षा आदि आकर्षण का केन्द्र थे। करीब 3000 किलो गुलाल से भक्तो ने होली खेली। इस दौरान कई जनप्रतिनिधि भी फाग यात्रा में शामिल हुए। फाग यात्रा का मार्ग में जगह - जगह स्वागत सत्कार किया गया।

## आम चुनाव: कल हो सकती है कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि हम दो दिन में सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बची हुई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम घोषित कर देंगे। उन्होंने यह बात रविवार सुबह अपने सरकारी आवास पर प्रेस से चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को औपचारिक तौर पर मुंबई में खत्म हो रही है। कांग्रेस के तमाम नेता इस यात्रा से फ्री हो जाएंगे। पार्टी आलाकमान ने निर्देश दिए हैं कि जिन सीटों पर उम्मीदवार घोषित होने हैं, उनको लेकर स्टेट टीम और स्क्रीनिंग कमेटी के साथ चर्चा कर सिंगल नाम फाइनल कर लें। इससे पहले श्री पटवारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पार्टी के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेंद्र सिंह, स्क्रीनिंग कमेटी की अध्यक्ष रजनी पाटिल और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ चर्चा की। अब कल 19 मार्च को दिल्ली में कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की मीटिंग होगी। इस बैठक के बाद एमपी की बची 18 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए जाएंगे। कांग्रेस मध्यप्रदेश की 29 में से 28 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी उतारने जा रही है। 10 उम्मीदवार घोषित किए जा चुके हैं। गठबंधन के तहत खजुराहो सीट समाजवादी पार्टी को दी गई है।



## कलेक्टर ने किया एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने जिला पंचायत स्थित एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर नजर रखने के लिए टीवी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका अवलोकन किया। पेपरएवं एफएम रेडियो पर पेड न्यूज एवं विज्ञापनो पर नजर रखने के लिए गठित निगरानी दल का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति केनोडल अधिकारी श्री चौहान, कंट्रोल रूम नोडल श्री डोडवे, श्री वैभव बैरागी, समिति के सदस्य, पेड न्यूज एवं विज्ञापन पर निगरानी के लिए गठित दलों के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## दलौदा ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने दलोदा ग्राम पंचायत सचिव श्री वीरेंद्र मेहरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए सरकारी संपत्ति का विरूपण सरकारी संपत्ति पर सभी प्रकार के भित्ति लेखन, पोस्टर/ पेपर्स या अन्य किसी मे विरूपण, कट आउट/होर्डिंग्स, बैनर, झंडे आदि को हटाए जाने के निर्देश प्राप्त होने के बावजूद भी ग्राम पंचायत दलौदा में भित्ति लेखन, पोस्टर/ पेपर्स या अन्य किसी मे विरूपण, कट आउट/होर्डिंग्स, बैनर, झंडे आदि नही हटाये गए। कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा ग्राम पंचायत दलोदा का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव में अनुपस्थित पाए जाने पर सचिव का उक्त कृत्य निर्वाचन आयोग के अनुदेशों का पालन नहीं किया जाकर अपने सचिवीय पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाह तथा उदासीनता बरतने पर सचिव को म.प्र. पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 भाग -2 (क), (ख) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से सचिव के पद से निलंबित किया गया । निलंबन अवधि में शासन के नियमानुसार इनका जीवन भत्ता प्राप्त होता रहेगा तथा निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जनपद पंचायत मंदसौर किया जाता है।

## पुलिस व आबकारी की कार्रवाई, 200 लीटर कच्ची शराब जप्त

**नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। कलेक्टर दिनेश जैन व पुलिस अधीक्षक अंकित जायवाल के निर्देशन में राजस्थान और नीमच जिले के अंदर हो रही अवैध गतिविधियों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राजस्थान बार्डर वाले रास्ते पर नाकेबंदी शुरू कर दी है, राजस्थान के कच्चे रास्तो से लेकर पक्के रास्तों से अवैध शराब लाने वाले कडी निगाह रखी जा रही है। रविवार को जीरन पुलिस ने अवैध हाथभटटी कच्ची शराब की फैक्टरी पकडी है, जहां से 200 लीटर कच्ची शराब जब्त की है वहीं दो आरोपियों को नामजद किया है। करीब 3 हजार लीटर महुआ लहान को नष्ट किया गया है।

शनिवार को देशभर में लोकसभा चुनाव का ऐलान होते ही पुलिस प्रशासन निष्पक्ष और शांतिप्रिय ढंग से चुनाव करवाने में जुट गया है। नीमच जिला राजस्थान की सीमा से सटा हुआ है, स्वभाविक है कि राजस्थान से अवैध तस्करी जैसे शराब और मादक पदार्थ की तस्करी बडे पैमाने पर होती है। नीमच जिले में कच्ची शराब बनाने की कई फैक्टरियां भी संचालित हो रही है। ऐसे अड्डों को चिन्हित कर पुलिस ने उन्हें नेस्तानाबूद करने के लिए बडी योजना भी तैयार की है। उसी के तहत रविवार को जीरन पुलिस और आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई को अंजाम दिया। धामनिया पठारिया और चेनपुरा के जंगल में सर्चिंग अभियान चलाया। प्लास्टिक की कैन में बडी मात्रा में महुआ लहान मिला। इस कार्रवाई से हडकंप मच गया। कई लोग मौके से भाग गए वहीं दो तस्कर भारमल पिता रतनलाल मीणा उम्र 40 वर्ष निवासी पठारिया और रामलाल पिता भेरा मीणा निवासी पठारिया को नामजद किया है, जिन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास शुरू कर दिए है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से अवैध कच्ची शराब बनाने की फैक्टरी को संचालित कर रहे है। प्लास्टिक की कैन में छुपाकर रखी करीब 200 लीटर कच्ची शराब को भी जब्त किया। तीन हजार से अधिक गलाया गया महुआ लहान को नष्टकिया गया। कार्रवाई को लेकर शराब तस्करों में हडकंप मच गया है।



## सीईओ जनपद मंदसौर पंवार को कलेक्टर ने कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के पश्चात आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए सम्पत्ति के विरूपण के प्रभावी रोकथाम हेतु निर्वाचन आयोग के अनुदेशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने हेतु सीईओ जनपद पंचायत मंदसौर श्री रामप्रतापसिंह पंवार को निर्देशित किया गया था, परन्तु ग्राम पंचायत दलौदा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत दलौदा में दीवार लेखन, पोस्टर/ पेपर्स, होर्डिंग्स, बैनर हटाये जाना नहीं पाये गये। इससे यह प्रतित होता है कि आपके क्षेत्रांर्गत सरकारी सम्पति का विरूपण सरकारी सम्पति पर सभी प्रकार के भित्ति लेखन, पोस्टर्स/पेपर्स या अन्य किसी में विरूपण, कटआउट / होर्डिंग्स, बैनर, झण्डे आदि का हटाये जाने के संबंध में आपके स्तर से कोई प्रभावी रोकथाम नही की जाकर निर्वाचन आयोग के अनुदेशों का आपके दवारा पालन नहीं किया जाकर वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना की जाकर अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही तथा उदासीनता बरती गई। इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 03 दिवस के भीतर कलेक्टर के समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। 03 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत ना होने की दशा में इनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## मतदानदल कर्मियों को प्रशिक्षण में हर छोटी से छोटी बातों से जरूर अवगत करायें-कलेक्टर



**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 केसुचारू संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिले के कुशाभाउ ठाकरे आडोटोरियम हॉल में सेक्टर अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया । प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम एवं अनुविभागीय अधिकारी मंदसौर श्री शिवलाल शाक्य एवं अन्य मास्टर ट्रेनर, सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सेक्टर अधिकारियों को बताया कि आप सभी मतदानदल कर्मियों को प्रशिक्षण में निर्वाचन की हर एक छोटी से छोटी बातो को जरूर अवगत करायें। हमारे पास निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिये अच्छा समय हैं सभी सेक्टर अधिकारीगण अच्छे से मतदान दल कर्मियों को प्रशिक्षण देवे एवं जो निर्वाचन के नियम बदले हैं उन पर जरूर फोकस करें। अनुविभागीय अधिकारी श्री शिवलाल शाक्य ने सेक्टर अधिकारियों को बताया की आप अपने सेक्टर के पटवारी, बीएलओ एवं सचिव को ट्रेनिंग जरूर देवें ताकी कोई समस्या आने पर वे उसका समाधान करे सकें। प्रशिक्षण में किसी प्रशिक्षणार्थी की समस्या का समाधान तथ्यों के आधार पर व प्रमाण के साथ देवें ।मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया कि सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में अपनी भाषाशैलीका विशेष रूप से ध्यान देवे एवं उसकीसरलता – सजहता एवं स्पष्टा के साथ मतदान दल कर्मियों को प्रशिक्षण देवें। प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को मतदान दल कर्मियों की नियुक्ति, प्रतिनियुक्त, कार्य दायित्व एवं कर्तव्य के बारे में बताया एवं निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशों केबार में अवगत कराया। प्रशिक्षण में बताया गया की वृद्धजन, दिव्यांग, प्रसुति महिलाओं को पहले प्राथमिकता के साथ वोटिंग कराने की बात जरूर बताये इस बात का विशेषतोर पर ध्यान देवें ।मास्टर ट्रेनर द्वारा सेक्टर अधिकारियों को वोटिंग मशीन के संचालन एवं कार्यप्रणाली के संबंध में अवगत कराया।

## कुमावत समाज ने किया तीन बेटियों का सम्मान

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों शिवपुरी में आयोजित राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में कुमावत समाज की बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन किया है। बेटियों का उत्साहवर्धन करते हुए रविवार को कुमावत समाज के द्वारा आरती कुमावत, किरण कुमावत व निशा बामनिया का स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत मेजर उषा कुमावत, बलराम पटेल, विपुल कुमावत, सूरजमल कुमावत, उंकारलाल कुमावत, सत्यनारायण कुमावत, माणकलाल कुमावत आदि समाज के लोगों ने तीनों बेटियों का स्वागत सम्मान कर उत्सावर्धन किया।

# धन वैभव और संपदा सेवा के मार्ग से ही आती है-सांसद

## भाविप मंदसौर शाखा का होली मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रांत मंदसौर शाखा का होली मिलन समारोह कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता के आतिथ्य में संपन्न हूवा आपने कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे कहा की सामाजिक संस्था का अपना एक अलग ही महत्व है,भारत विकास परिषद हर क्षेत्र में अग्रणी है परिषद चिकित्सा के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही है श्री गुप्ता ने आगे कहा की में जब सांसद नही था तब से इस परिषद का सदस्य हूं।सामाजिक कार्यों र्से ही धन वैभव और संपदा सेवा के मार्ग से ही आती है।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने कहा की भारत विकास परिषद एक बेहतरीन पारिवारिक संस्था है,भारत विकास परिषद भारत के नवनिर्माण में अपना अहम योगदान दे रही है क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहां की मेरे लिए भारत विकास परिषद का सदस्य होना गर्व की बात है। परिषद जिला मुख्यालय के साथ साथ तहसील स्तर पर भी श्रेष्ठकार्य कर रही है। कार्यक्रम को प्रांतीय पदाधिकारी श्री मुकेश दांनगढ,प्रमोद गुजराती ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रांतीय महासचिव घनश्याम पोरवाल,शाखा अध्यक्ष अजय शर्मा,श्रीमती अर्चना गुप्ता मंचासिन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अतिथितीयो का स्वागत परिषद के सुभाष गुप्ता, डॉक्टर कमलेश संगतानी, क्षितिज पुरोहित,नरेन्द्र त्रिवेदी, आशीष सेठिया गौरव रत्नावत, ओमप्रकाश जी शर्मा श्रीमती रेशमा शर्मा आदि उपस्थित थे। परिषद की 2023-24 में आयोजित गतिविधियों एवं लेखा जोखा शाखा सचिव डॉ आशीष अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर परिषद की महिला बाल विकास नेशनल प्रोजेक्ट मेंबर श्रीमती रेखा पोरवाल एवं मातृशक्ति तथा नगर परिषद सीतामऊ अध्यक्ष मनोज शुक्ला, देवेंद्र मरच्या, दीपक सैनी, मनोज मेहता उपस्थित रहे श्र नवीन सदस्यों के रूप में श्री मनोज पोरवाल, श्री जगदीश काला, श्री संदीप गहलोत, श्री दिलीप सेठिया सपरिवार सम्मानित किया गया।

## दशहरा मैदान में होगा सामूहिक होलिका दहन

**नीमच, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नीमच सांस्कृतिक उत्सव समिति नीमच के द्वारा बीते 8 वर्षो अधिक से शहर में सामूहिकहोलिका दहन का आयोजन किया जाता आ रहा है। नीमच सांस्कृतिकउत्सव समिति हर वर्ष पारंपरिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शहर के दशहरा मैदान में होली का पर्व को लेकर एक बड़ा आयोजन करती आ रही है जिसमें रंगारंग आर्केस्ट्रा के साथ सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं कवि सम्मेलन भी होता आया है।

उसी के अंतर्गत प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सामूहिक होलिका दहन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जायेगा। इस हेतु तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु एक बैठक 17 मार्च रविवार की दोपहर में गांधी भवन परिसर में रखी गई। जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप देकर समिति के सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। सभी ने एक मत से निर्णय लिया कि पारंपरिक होली का पर्व रंगारंग आर्केस्ट्रा के बीच होली के मधुर गीतों के साथ पारिवारिक माहौल में मनाया जाएगा। आयोजित बैठक में समिति प्रमुख बृजेश मित्तल, ओम दीवान,गजेंद्र यादव, राजेश पराग टेंट, मनोहर अंब, हारून रशीद, धर्मेंद्र परिहार, इलियास कुरेशी, अमरदीप उपाध्याय, राजेन्द्र हरित, विकास यादव, आदि उपस्थित थे।

## पशुओं की बीमारियों की जांच के लिए भोपाल में शुरू होगी मध्य प्रदेश की दूसरी बड़ी लैब

**भोपाल, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पशुओं की बीमारियों की जांच के लिए भोपाल में प्रदेश की दूसरी बड़ी लैब शुरू होगी। राज्य पशु चिकित्सालय परिसर में लैब बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस लैब में बर्ड फ्लू, अफ्रीकन स्वाइन फ्लू, रेबीज जैसी संक्रामक और खतरनाक बीमारियों की जांच हो सकेगी।

अभी भोपाल के आनंद नगर में केंद्र सरकार की हाई सिक्यूरिटी एनिमल डिजीज लैब है जहां इन बीमारियों की जांच होती है। यहां भारत ही नहीं पूरे एशिया से सैंपल आते हैं। इस कारण जांच में अधिक समय लगता है। नई लैब सुरक्षा के मापदंड से बायोलाजिकल सेफ्टी लेवल (बीएसएल) 2 प्लस स्तर की होगी, जबकि केंद्र सरकार की लैब बीएसएल 3 स्तर की है। राज्य पशु रोग अनुसंधान प्रयोगशाला के अधिकारियों ने बताया कि दो वर्ष पहले ही यहां की लैब को उन्नत कर बीएसल 2 स्तर का बनाया गया था। अब फिर इसे उन्नत बनाया जा रहा है। इसमें एक करोड़ रुपये की लागत आएगी। लैब के निर्माण के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। निर्माण कार्य पूरा होने और उपकरणों की खरीदी के बाद जांचें शुरू हो जाएंगी। इसमें लगभग छह माह लगेंगे। यह लैब बनने का लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा। बर्ड फ्लू समेत पशुओं में होने वाली कई ऐसी बीमारियां इंसानों में भी आ सकती हैं। ऐसे में इनकी समय पर जांच, उपचार और रोकथाम आवश्यक होता है। पिछले दो वर्ष से लंपी स्किन डिजीज (एलएसडी) के मामले भी प्रदेश समेत देशभर में बढे हैं। इसकी जांच के लिए अभी सैंपल हाई सिक्यूरिटी एनिमल डिजीज लैब में भेजे जा रहे हैं। राज्य सरकार की लैब उन्नत होने के बाद यहां पर एलएसडी की जांच भी हो सकेगी। साथ ही लैब बनने से बीमारियों पर शोध भी किया जा सकेगा।

## अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वीर मातादीन अम्बेडकर सेना की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें आने वाली अम्बेडकर जयंती के आयोजन को लेकर बिंदुवार चिंतन व मंथन किया गया।



विर मातादीन अम्बेडकर सेना के संस्थापक विनोद खैरालिया ने बताया कि आने वाली 14 अप्रैल को अम्बेडकर जयंती बड़े धुमधाम से मनाई जाएगी। आदर्श आचार संहिता भी लग चुकी है उसका भी पालन करते हुए इस त्योहार को बडे सौहार्द पुर्ण रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर विर मातादीन अम्बेडकर सेना के संरक्षक पवन दलोर ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का हम सभी को पालन करते हुए अम्बेडकर जयंती बड़ी धुमधाम से मनाना है। संगठन के जिला अध्यक्ष थानसिह घावरी ने बताया कि आने वाली अम्बेडकर जयंती भव्य रुप से मनाई जाएगी जिसमें ढोल ढमाके डी जे साउंड, बाबा साहब की झांकी एवं भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। बैठक में सगंठन के सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे एवं सबकी सहमति से अम्बेडकर जयंती भव्य रुप से मनाई जावे यह तय हुआ। बैठक में संगठन के संस्थापक विनोद खैरालिया, संरक्षक पवन दलोर, मंगल कोटियाना, जिला अध्यक्ष थानसिह घावरी, वाल्मीकि सेना के जिला अध्यक्ष दीपक दलोर, विर मातादीन अम्बेडकर सेना के जिला उपाध्यक्ष मनोहर फतरोड, महेंद्र तंवर, जिला महामंत्री विनोद छपरी, जिला संगठन मंत्री भेरूलाल बारवासिया, जिला सचिव रवि डागर, जिला कोषाध्यक्ष अजय चनाल, नगर अध्यक्ष शक्ति डागर, उपाध्यक्ष शेलेन्द्र डागर, राहुल डागर, ललित कोदली, मुकेश राठौड़, सतीश खैरालिया आदि उपस्थित रहे।

## चार रुपए में मतदाता तक पहुंचना होगा

### इससे ज्यादा खर्चा हुआ तो चलेगा चुनाव आयोग का चाबुक

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** देश की लोकसभा का सांसद बनने के लिए इस बार उम्मीदवारो को एक मतदाता तक पहुंचने में महज 4 रुपए से कुछ ही ज्यादा खर्च करना होगा। इससे ज्यादा खर्चा हुआ तो चुनाव आयोग का चाबुक चलेगा। संसदीय क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम के लिए इस बार केवल 95 लाख रुपए खर्च करने की राशि तय की गई है। 23 लाख 29 हजार 892 मतदाताओं तक पहुंचने के लिए यदि हिसाब लगाया जाए तो इस राशि से प्रति मतदाता महज 4.08 पैसा ही निकल पा रहा है।

लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य की आबादी व वोटर संख्या के हिसाब से राज्यवार चुनाव खर्च की सीमा तय की जाती है। प्रत्याशी चुनाव के दौरान निर्धारित सीमा से अधिक राशि खर्च नहीं कर सकते हैं। प्रत्याशी की सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, विज्ञापनों, पोस्टर, बैनर, वाहनों व विज्ञापन खर्च शामिल होता है।

### 20 साल में तीन गुना बढ़ी खर्च सीमा...

लोकसभा चुनाव 2004 में चुनाव खर्च की सीमा 30 लाख रुपये थी जो अब बढ़ाकर 95 लाख रुपये कर दी गई है। हालांकि मतदाताओं की स्थिति देखें तो 2004 में दस लाख के करीब थे। जो अब ढाई गुना तक बढ़ गए हैं। तब एक मतदाता तक पहुंचने के लिए 3 रुपए खर्च तय किया था जो अब एक रुपए से ज्यादा बढ़ा है। बता दें कि चुनाव खर्च की सीमा बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग ने 2020 में कमेटी का गठन किया था। कमेटी की रिपोर्ट पर चुनाव खर्च सीमा 70 से बढ़ाकर 95 लाख की गई है। चुनाव खर्च की सीमा मुद्रास्फीति सूचकांक के आधार पर तय होती है।

## कंट्रोल रूम स्थापित

**मंदसौर, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित शिकायतों के लिए कार्यालय कलेक्टर भवन जिला मंदसौर के कक्ष क्रमांक 113 में जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का स्थानीय न. 07422- 235440, 235425 है। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय हेल्पलाइन न. 1950 पर भी संपर्क कर निर्वाचन संबंधी जानकारी ले सकते है, एवं शिकायत भी कर सकते है।

## मालवीय का निधन

**पिपलियामंडी, 17 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** गांव काचरिया चन्द्रावत के सामाजिक कार्यकर्ता केशुराम मालवीय का 50 वर्ष की आयु में हृदयघात से निधन हो गया। अंतिमयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों, गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि दी। मुक्तिधाम पर मुखाग्नि पुत्र अर्जुन व राजेश मालवीय ने दी।


पुराने
पंखे, कुलर व अलमारी
मन पसंद कलर करवाईयें
अजन्ता पेन्टर
अम्बेडकर चौराहा मंदसौर
7089832581



उठावना



देवेंद्र अड़ावदिया (सेवा निर्वत शिक्षक), राजेंद्र अड़ावदिया (सेवा निवृत्त कलेक्टर कार्यालय), रविंद्र अड़ावदिया (अकाउंटेंट M I G L जयपुर) की माताजी एवं शैलेन्द्र अड़ावदिया (प्रधान संपादक देवास अंचल) तथा अजय, निवेश की दादीजी, हर्ष, युग की परदादी धीसी बाई का देवलोक गमन दिनांक 16/ 3/2024 को हो गया है। जिनका उठावना आज दिनांक 18 /3/2024 (सोमवार) दोपहर को 1.30 बजे गोकुल वाटिका जनता कॉलोनी गणेश मंदिर गार्डन में रखा गया है !

-: शोकाकुल :-
देवेंद्र, नरेंद्र, राजेंद्र, दिनेश, रविंद्र, अनिल, शैलेंद्र, अजय, निवेश, हर्ष, युग एवं समस्त अड़ावदिया परिवार मंदसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in